(ग) इन इमारतों/स्थापनाओं के लिये निदेशक, उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर द्वारा निविदाएं आमंत्रित की गई थीं। क्र०सं० 1 से 3 और क्र०सं० 5 से 7 तक की मदों की संस्वीकृति निदेशक, उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर द्वारा दी गई और क्र०सं० 4 और क्र०सं० 8 के कार्यों के लिए संस्वीकृति महानिदेशक, भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद् देहरादून द्वारा दी गई थी।

(घ) जी, नहीं।

उष्ण कटिबंधीय वन अनुसंधान केन्द्र, जबलपुर की चारदीवारी का निर्माण

1094. श्री शिव प्रताप वाजपेयी : क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जबलपुर जिला स्थित उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान केन्द्र, बारटा रेंज के चारों ओर चार-दीवारी का निर्माण 1.53 करोड़ रुपए की लागत से कराया जा रहा है;

(ख) क्या उक्त संस्थान के अतिरिक्त परिसर के लिए अलग-अलग चारदीवारी का निर्माण कराया गया है;

(ग) क्या यह भी सच है कि ये चारदीवारी जगह-जगह से टूट गई हैं;

(घ) यदि हां, तो ऐसी कमजोर और घटिया चारदीवारी के निर्माण के लिए जिम्मेदार अधिकारी का नाम क्या है; और

(ङ) निर्माण कार्य में की गई अनियमितताओं के लिए वैर-जिम्मेदार अधिकारी के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है।

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद् ने मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 1990 में उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर को अंतरित 300 हेक्टेयर के प्रयोगात्मक क्षेत्र के चारों ओर पत्थर से निर्मित 1.2 मीटर ऊंची चार दीवारी पर 1.5 मीटर ऊंची जेम वाली बाड़ सहित स्काई एवं प्रभावी बाड़ लगाने के लिए केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार 1,59,60,892 रुपए के अनुमान को अनुमोदित कर दिया है।

(ख) और (ग) उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर के मौजूदा 109 हेक्टेयर के परिसर, जिसके चारों ओर चार दीवारी का निर्माण वर्ष 1974-75 में के०लो०नि०वि० द्वारा किया गया था, को छोड़कर इस संस्थान के पास अन्य कोई परिसर नहीं है। इसमें सामान्य टूट-फूट होती रही है और वर्ष 1993-94 के दौरान इसकी मरम्मत के०लो०नि०वि० द्वारा की गई। इस दीवार के मरम्मत वाले भाग को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

(घ) और (ङ) प्रश्न नहीं उठता।

बिहार में क्वेार मशीनों का बंद किया जाना

1096. श्री अजातशत्रु शाहः : क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बिहार में चार हजार क्वेार मशीनें बंद हो गई हैं;

(ख) क्या यह भी सच है कि इन चार हजार क्वेार मशीनों पर कार्य करने वाले बीस हजार मजदूर बेरोजगार हो गए हैं तथा भूखे मर रहे हैं;

(ग) क्या यह सच है कि सरकार ने पत्थर उठाने पर प्रतिबन्ध लगा दिया है जिसके परिणामस्वरूप क्वेार मशीनें बन्द हो गई हैं;

(घ) क्या यह भी सच है कि पत्थर जब पहाड़ों से उठाए जाते थे जिस पर वन-विभाग द्वारा लगाया एक भी वृक्ष नहीं है ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) जी, नहीं। सरकार ने राज्य में किसी भी क्वेार यूनिट को बन्द करने के आदेश नहीं दिए हैं।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठता।